बस यही भावना है, विभो !

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि आज़ादी के बाद गाँधीवाद के आभामंडल में रचित साहित्य का अपना अलग स्थान है। बीसवीं सदी के नवें दशक में प्रकाशित हुई मूकमाटी महाकृति भी उसका अपवाद नहीं है।

❑



## प्रो. शैल शर्मा


जन्म : 1960, रायपुर (छत्तीसगढ़)

शिक्षा : एम.ए. (भाषाविज्ञान एवं हिंदी) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, भाषाविज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि हेतु तथा पी–एच.डी. उपाधि के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जे.आर.एफ. प्राप्त।

अध्यापन : 1988 से विश्वविद्यालय शिक्षा सेवा में पूर्व संकायाध्यक्ष एवं कार्यपरिषद् सदस्य, अध्यक्ष, शोधउपाधि समिति, भाषाविद के रूप में अनेक विश्वविद्यालयों से संबद्ध।

संचालक : संत शदाराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय

प्रकाशन : छत्तीसगढ़ी और हिंदी शब्दार्थ विवेचन, 25 से अधिक पुस्तकों में रचना सहयोग। 30 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित, 15 शोधार्थियों को पी–एच.डी. हेतु निर्देशन एवं सहनिर्देशन, 90 से अधिक छात्रों को एम.फिल. हेतु मार्गदर्शन।

प्रसारण : आकाशवाणी एवं चैनल्स से समसामयिक वार्ताएं, साक्षात्कार तथा कहानी पाठ प्रसारित।

सम्मान : सृजन सम्मान, राष्ट्रभाषा सेवक सम्मान, वक्ता मंच सम्मान।

संप्रति : प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ पिन– 492010

चलभाष : 9424216090

ई.मेल : shailshar25@gmail.com



ABS

**ए.बी.एस. पब्लिकेशन**

वाराणसी - 221 007 (भारत)

मो० : (+91) 9450540654, 8669132434

E-mail : abspublication@gmail.com

ISBN 978-93-89908-25-1

₹795/-

# भारतीय संत साहित्य में जीवन मूल्य




डॉ. कमलकिशोर गुप्ता

श्री बालाजी प्रकाशन, नागपुर

**पुस्तक** – संत साहित्य में जीवन मूल्य

**संपादक** –डॉ. कमलकिशोर एस. गुप्ता

**प्रकाशन** –
श्रीमती पद्मा गुप्ता
**श्री बालाजी प्रकाशन**
इतवारी पेवठा, नागपुर
संपर्क नं. 8668374076

ISBN : 978-93-84855-13-0

© संपादक

प्रथम संस्करण – २०२०

मूल्य ४००/– रुपये

**शब्द संयोजन** :
पवन कम्प्युटर
हनुमान मंदिर, परदेसी तेलीपुरा, सी.ए. रोड, नागपुर

**मुद्रक** :
आस्था प्रिंटस्
दोसर भवन चौक, नागपुर

| | | |
|---|---|---|
| १४. | गुरू नानक जी के काव्यों में मानवीय चेतना और नैतिक मूल्य<br>**त्रिभुवन गिरि (शोधार्थी)** | ८४ |
| १५. | गुरू नानक देव जी और गुरू जम्भेश्वर जी की वाणी<br>**डॉ. राजा राम** | ९२ |
| १६. | संत काव्य की प्रांसगिकता<br>**वर्षा तिवारी** | १०८ |
| १७. | संत तुकाराम महाराज के अभंग (काव्यों) में सामाजिकता<br>**डॉ. गीता एच. तलवार** | ११३ |
| १८. | वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कबीर की प्रासंगिकता<br>**प्रा. डॉ. नरसिंगदास ओमप्रकाश वंग** | ११६ |
| १९. | ''वर्तमान काल में 'तुलसीदास' की प्रासंगिकता''<br>**डॉ. अर्चना चतुर्वेदी** | १२० |
| २०. | वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कबीर साहित्य की प्रासंगिकता<br>**डॉ मनजीत कौर** | १२३ |
| २१. | वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संत कबीर साहित्य की प्रासंगिकता<br>**प्राध्यापक : रितु तुरकर** | १२९ |
| २२. | आचार्य विद्यासागर कृत मूकमाटी में भारतीयता के स्वर<br>**डॉ. चन्द्रकुमार जैन** | १३६ |
| २३. | कबीर और वेमना के साहित्य में वैचारिक समानता<br>**डॉ.डी. उमादेवी** | १५० |
| २४. | संत साहित्य में अभिव्यक्त सामाजिक समरसता<br>**वचनाराम मोडाराम कावावत** | १५८ |
| २५ | वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कबीर की प्रासंगिकता<br>**कमलेश दगडु सपकाल** | १६४ |
| २६. | मलयालम के लोककवि : एषुत्तच्छन<br>**डॉ. प्रिया ए.** | १६७ |
| २७. | वर्तमान परिदृश्य में संत साहित्य की प्रासंगिता<br>**जय प्रकाश विश्वासी** | १७० |
| २८. | संत कवियित्री मीरा की कृष्ण भक्ति<br>**डॉ. कल्पना सतीश कावळे** | १७५ |

❑❑ ❑

# आचार्य विद्यासागर कृत मूकमाटी में भारतीयता के स्वर

डॉ. चन्द्रकुमार जैन


## सारांश

महाकवि युगदृष्टा और निर्माता होता है। जिस युग में वह जन्म लेता है उस युग की प्रतिछवि उसके काव्य में लक्षित होती है। साथ ही उस युग को एक नई दिशा, नई प्रेरणा एवं नवजीवन प्रदान करने की शक्ति भी उसकी समर्थ लेखनी में निहित होती है। भारतीय साहित्य के गौरवग्रंथ 'मूकमाटी' के सर्जक आचार्य विद्यासागर ऐसे ही कवि हैं। वे अपने युग तथा युगीन संदर्भो से कहाँ तक प्रभावित हैं एवं तद्युगीन संस्कृति की स्थिरता के लिए वे किस भाँति अपनी लेखनी का उपयोग करते हैं साथ ही प्रस्तुत सम-सामायिक संदर्भो की प्रासंगिकता कितनी है? इन्हीं तथ्यों का स्पष्टीकरण और विश्लेषण इस शोध आलेख में किया जाना है।

आधुनिक काल की हिन्दी कविता ने अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसकी पृष्ठभूमि में बौद्धिक चेतना, राजनीतिक संघर्ष, सामाजिक आंदोलन, सांस्कृतिक द्वन्द्व आदि की प्रेरक शक्तियाँ निहित रही हैं। प्रयोग-प्रवृत्ति और कुंठाओं की साग्रह अभिव्यक्ति के साथ ही कविता की प्रेरणाएँ और प्रवृत्तियाँ भी बदलती रहीं। जिस द्रुत गति से युगीन परिस्थतियों में परिवर्तन हुए हैं, उसी क्रम में कविता धारा ने नए-नए मोड़ लिए हैं। हिन्दी कविता के समसामयिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संदर्भों में नवजीवन शैली तथा आधुनिक विज्ञान से प्रभावित वैचारिक घात-प्रतिघात का स्वरूप स्पष्ट परिलक्षित होता है।

इन्हीं सारे संदर्भो ने 'मूकमाटी' को समसामयिक जीवन का दर्पण बना दिया है। कवि की संवेदना की धड़कनों में व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की चेतना का अंत:स्वर सुनाई देता है। विश्व-मानवता की प्रतिष्ठा, राष्ट्रीय संतुलन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव का जागरण, परस्पर सहयोग, सहअस्तित्व के भावों का उन्नयन आदि 'मूकमाटी' की यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। सबसे बड़ी बात है कि व्यक्ति की क्षमता और सामर्थ्य का सही मूल्यांकन एवं उसे किसी भी प्रकार की परतंत्रता से मुक्त करने का उद्घोष। जनमानस में व्याप्त अर्थ-लिप्सा, कलह, कदाचार, भ्रष्टाचार, स्वार्थवृत्ति का नानाविध चित्रण कर, कवि ने काव्य के मूल उद्देश्य मानव के हित को सर्वोपरि रखा है।




ISBN 978-93-84855-14-07



'मूकमाटी' में सम-सामयिक संदर्भो की उपुर्यक्त विवेचना एवं उनकी प्रासंगिकता के निरूपण के आधार पर समग्र रूप में यह कहा जा सकता है कि आचार्य विद्यासागर ने समय के सच को गहन चिंतन और अध्ययन आलोक में प्रस्तुत किया है। भाववृद्धि के लिए स्वानुभूति का और शिल्पसौंदर्य के लिए सुंदर प्रतीक-विधान एवं चमत्कारिक उक्तियों का आश्रय लेते हुए वे प्रत्येक संदर्भ को मर्मस्पर्शी बना देते है। उनके जीवन मूल्य सर्वकालिक और सर्वदेशीय होते हैं। वे एक ऐसे कालजयी कवि हैं जिनकी काया में अमरत्व निहित है और उनका मूकमाटी नामक यह ग्रंथ भारतीय साहित्य का गौरव है।

महाकवि युगदृष्टा और निर्माता होता है। जिस युग में वह जन्म लेता है उस युग की प्रतिछवि उसके काव्य में लक्षित होती है। साथ ही उस युग को एक नई दिशा, नई प्रेरणा एवं नवजीवन प्रदान करने की शक्ति भी उसकी समर्थ लेखनी में निहित होती है। भारतीय साहित्य के गौरवग्रंथ मूकमाटी के सर्जक आचार्य विद्यासागर ऐसे ही कवि हैं। वे अपने युग तथा युगीन संदर्भो से कहाँ तक प्रभावित हैं एवं तद्युगीन संस्कृति की स्थिरता के लिए वे किस भांति अपनी लेखनी का उपयोग करते हैं साथ ही प्रस्तुत सम-सामायिक संदर्भो की प्रासंगिकता कितनी है? इन्हीं तथ्यों का स्पष्टीकरण और विश्लेषण इस शोध आलेख में किया जाना है।

विषय के विश्लेषण से पूर्व आधुनिक काल के काव्य-संसार की क्रमिक यात्रा में लक्षित विशेषताओं पर दृष्टिपात करना प्रासंगिक होगा। आधुनिक काल के प्रथम चरण में अर्थात भारतेन्दु युग के अंतर्गत हमें मध्यकालीन धर्म भावना के परिमार्जित रूप के दर्शन हुए। अन्य धर्मो के प्रति आदर भाव एवं सहिष्णुता इस युग की धार्मिक परिस्थितियों की महत्वपूर्ण विशेषता रही। द्विवेदी युग में धार्मिक भावना में मानवतावादी विचारधारा का समावेश हुआ और आगे चलकर तृतीय चरण में रवीन्द्र, गांधी और अरविन्द के प्रभाव स्वरूप मानवतावाद की परिणति विश्व मानववाद में हुई और इस प्रकार समन्वित धर्मभावना के दर्शन हुए। चतुर्थ चरण के अन्तर्गत विश्व-मानव अथवा विश्व-बंधुत्व को बल मिला और शासन पद्धति में धर्म-निरपेक्षता का स्थान सर्वोपरि हो गया। पांचवें चरण को हम गणतंत्र के आविर्भाव का काल कहते हैं। इस युग में असाम्प्रदायिक एवं धर्म निरपेक्ष राष्ट्रीय एकता में धार्मिक भावना का स्वरूप एकदम बदल गया। धार्मिक परिस्थितियों के निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि दलित और अस्पृश्य वर्ग की भावनाएँ अधिक मुखर हुईं।

आधुनिक काल की हिन्दी कविता ने अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसकी पृष्ठभूमि में बौद्धिक चेतना, राजनीतिक संघर्ष,

सामाजिक आंदोलन, सांस्कृतिक द्वन्द्व आदि की प्रेरक शक्तियाँ निहित रही हैं। प्रयोग-प्रवृत्ति और कुंठाओं की साग्रह अभिव्यक्ति के साथ ही कविता की प्रेरणाएँ और प्रवृत्तियाँ भी बदलती रहीं। जिस द्रुत गति से युगीन परिस्थितियों में परिवर्तन हुए हैं, उसी क्रम में कविता धारा ने नए-नए मोड़ लिए हैं। हिन्दी कविता के समसामयिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संदर्भों में नवजीवन शैली तथा आधुनिक विज्ञान से प्रभावित वैचारिक घात-प्रतिघात का स्वरूप स्पष्ट परिलक्षित होता है।

नये युग के कवियों में काव्य और समाज में निकट संबंध स्थापित करने की विशेष प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है। इस के अतिरिक्त सत्ता के प्रति जागरूकता देखी जा सकती है। फलस्वरूप कवियों ने अपने वैयक्तिक हर्ष-विषाद को प्रत्यक्ष रूप में एवं नि:संकोच भाव से अभिव्यक्ति दी।

प्रगति युग में अहं का सामाजीकरण हो गया। परन्तु परवर्ती युग, प्रयोगवाद के युग में अहं एकदम उभरकर आ गया था। यों कहिए कि अहंवाद एवं आत्मरति को लक्ष्य करके कविताएँ प्रस्तुत की गईं। 'हमें' (कुंवर नारायण सिंह), 'आओ अतीत को भूलें' (मुद्रा राक्षस), 'आत्म-संवाद' (मुक्तिबोध) आदि कविताओं में अहं का विस्फोट स्पष्ट परिलक्षित होता है।

इसी युग की कविताओं में नारी उत्थान की प्रवृत्ति भी दिखलाई पड़ती है। श्रृंगार वर्णन में स्थूलता, विद्रोह की प्रकृति, नवीन छन्दों की प्रकृति, मानव में लगाव, दलित वर्ग के प्रति सहानुभूति, प्रकृति के प्रति आकर्षण, यथार्थ चित्रण, भौतिकता से परिपूर्ण युगबोध आदि नये युग के काव्य-संसार की विशेषताएँ एवं पहचान हैं। कविगण ने पतित के उत्थान द्वारा ही समाज व राष्ट्र के कल्याण का स्वप्न देखा है। सोहनलाल द्विवेदी की किसान, भैरवी, झोपड़ियाँ शीर्षक कविताएँ तथा प्रसाद, पंत, निराला, हरिऔध, दिनकर, अंचल, नागार्जुन प्रभृति कवियों की रचनाओं में यह प्रवृत्ति मुखर है।

गाँधीवाद और लोक सेवा की प्रवृत्तियाँ भी नये युग के काव्य का विषय बनीं। 'प्रिय-प्रवास' के कृष्ण और राधा लोक-रक्षक और लोक-सेविका के रूप में अवतरित हुए। 'साकेत' के राम भी लोक-सेवा का व्रत लेकर प्रस्तुत हुए। यह भावना बच्चन, अज्ञेय, भवानी प्रसाद मिश्र, धर्मवीर भारती की रचनाओं में आगे बढ़ी। नीलकण्ठ की भाँति विषपान करके ही शिवत्व की प्राप्ति संभव है-यही भावना इस युग की पहचान बनी।

युगीन काव्य-धारा के संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि जीत के प्रति निष्ठा उत्पन्न होने के साथ कवियों में अपने प्राचीन वाङ्मय के अध्ययन-मनन की प्रवृत्ति उत्पन्न हुई। फलस्वरूप 'कामायनी' (प्रसाद), 'उर्वशी' (दिनकर) और 'लोकायतन' (पंत) जैसे काव्य-ग्रन्थों का प्रणयन हुआ। प्रगतिवाद और प्रयोगवाद के युगों में यह प्रवृत्ति कुछ





शिथिल पड़ गई। परन्तु, नई कविता के युग में पौराणिक-गाथाओं के उद्धार की प्रवृत्ति एकाएक पुन: उभरकर आई। 'पाषाणी' (नागार्जुन), 'कर्ण का अर्घ्यदान' (लक्ष्मीनारायण मिश्र) आदि कविताएँ इसी प्रवृत्ति की देन थीं।

आधुनिक-काव्य की उपर्युक्त सभी प्रवृत्तियाँ, सम-सामयिक संदर्भों को नाना-रूप अभिव्यक्त करती रहीं। अनुभूत सत्य की चर्चा, राजनीति के प्रति सतर्कता, तीखे व्यंग्य, सपाटबयानी आदि विशेषताओं को भी समकालीन कवियों ने पर्याप्त महत्व दिया।

आचार्य विद्यासागर की कृति 'मूकमाटी' के सम-सामयिक संदर्भ भी व्यापक अपितु नवीन उद्भावनाओं से आपूरित हैं। चीजों के पीछे बढ़ी चली जाती है दौड़, टी.वी. और बेरोक-टोक बढ़ती विलासिता-पूर्ण जिन्दगी की होड़ के बीच आत्मा की महीन आवाज को बचाए रखना और दौड़-दौड़ के थके हुए लोगों को साहित्य की शांत-आवाज की तरफ लौटा देना मामूली बात नहीं है। गोविंद मिश्र ने कहा है- साहित्य नश्वर जीवन से उठता हुआ एक शाश्वत स्वर है और उस स्वर की गूंज समकालीनता से आगे बढ़ जाती है, निरन्तरता में बढ़ती है।१

'मूकमाटी' पर यह कथन अक्षरश: लागू होता है, फिर भी सम-सामयिक संदर्भों की भौतिक-सीमाओं में रहते हुए, उन्हीं के माध्यम से देश-काल की सीमाओं से परे कुछ ढूंढ निकालने हेतु, मूकमाटी (भव्यात्मा) को तैयार कर देना, किसी दैवीय प्रयास से कम नहीं है।

विविध सामाजिक संदर्भों को, सामाजिकों के ही ध्यान में लाने के लिए कवि ने प्रतीक ओर मिथकों का बड़े ही सुंदर ढंग से प्रयोग किया है। यह साधारण बात नहीं कि मिट्टी जैसी तुच्छ, पद्दलित और नगण्य वस्तु को कवि ने काव्य की नायिका की पदवी पर बिठाया है। कवि का विश्वास है कि यह माटी एक दिन मंगल-कलश का रूप ग्रहण करेगी। कहा जा सकता है कि कवि ने समकालीन समाज में भी युगों-युगों से पीड़ित, दलित व उपेक्षित लोगों की पीड़ा का गहन अनुभव किया है। वह चाहता है उनका उद्धार हो। जन्मना उसकी स्थिति चाहे जैसी भी हो किंतु सत्संगति, कर्म-पुरूषार्थ एवं संघर्ष से वे भी महान बन सकते हैं। माँ धरती के माध्यम से मिट्टी को संबोधित करते हुए कवि ने अपने इन्हीं भावों को, इस तरह व्यक्त किया है-

संघर्षमय जीवन का
उपसंहार
नियम रूप से
हर्षमय होता है, धन्य!
इसीलिये तो

बार-बार स्मृति दिलाती हूँ/कि
टालने में नहीं
सती-संतों की
आज्ञा पालने में ही
'पूत का लक्षण पालने में'
यह सूक्ति चरितार्थ होती है, बेटा!२

संघर्ष के विषय में डॉ. राधाकृष्णन लिखते हैं- 'मानव-मन में सभ्य और विकसित होने के साथ ही आदिम, पुरातन एवं शिशु भी उपस्थित रहता है। हमारे अंदर जो जड़ता और बुराई है, उसके विरूद्ध हमें संघर्ष जारी रखना चाहिए। हमारे समस्त शत्रु हमारे अंदर ही हैं। जो वृत्तियाँ हमें चरित्र भ्रष्टता के लिए बहकाती हैं, जो आग हमारे अंदर जलती है, वह सब अज्ञान एवं त्रुटि के उस अंत:क्षेत्र से ही उठती है, जिसमें हम रहते हैं। मानव की महिमा इस बात में नहीं है कि वह कभी गिरे नहीं, बल्कि इस बात में है कि हर बार वह गिरने पर उठ खड़ा हो।'३

वस्तुत: मानव जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है। जीवन और जगत के शाश्वत संघर्षो से पलायन कभी प्रशंसनीय नहीं कहा जा सकता। यदि गौर से देखा जाए तो चारों ओर व्याप्त हताशा, निराशा और अलगाव के वातावरण में आज, व्यक्ति अपने सामाजिक कर्तव्य-बोध तथा संघर्ष से विमुख होता जा रहा है। अत: कह सकते हैं कि कवि ने उपर्युक्त पंक्तियों में 'आज के मानव' को समाज के योग्य बनने हेतु दिशा-बोध दिया है।

समाज में जीवन के 'निर्वाह' और 'निर्माण' के मध्य कई महत्वपूर्ण पड़ाव आते हैं। यह निर्माण-यात्रा व्यक्ति की स्थिति व परिस्थिति के अनुकूल द्रुत या धीमी गति से चलती है। वैदिक युग में जहाँ व्यक्तित्व के विकास और व्यक्ति के निर्माण के लिए चार आश्रमों की व्यवस्था अनिवार्य समझी गई थी, वहीं समाज के बहुमुखी विकास के लिए चतुवर्ण की कल्पना की गई थी। इस संदर्भ में वर्ण के 'कर्मणा' सिद्धांतो का द्वन्द्व भी खूब चला।

कोई भी सिद्धांत अपने मूल रूप में सुन्दर और मंगलकारी होता है, पर जब उसमें पाखण्ड प्रवेश कर जाता है तो वह उतना ही कुत्सित और अमंगलकारी भी हो जाता है। यह पाखण्ड केवल मध्य-युग में रहा हो, ऐसा नहीं है, आज भी वर्ण-व्यवस्था को आड़ बनाकर, पाखण्डरत लोगों के कारण देश की संस्कृति और समृद्धि का निरन्तर विघटन हो रहा है। 'मूकमाटी' में माटी के संशोधन के पश्चात, माटी से निष्काषित कंकरों के रोष का सहज भाव से सामना करता हुआ शिल्पी कहता है-

इस प्रसंग से वर्ण का आशय





न रंग से है
न ही अंग से/वरन
चाल-चरण, ढंग से है।

---------------

गाय का क्षीर भी धवल है
आक का क्षीर भी धवल है
दोनों ऊपर से विमल हैं
परन्तु/परस्पर मिलते ही
विकार उत्पन्न होता है
क्षीर फट जाता है,
पीर बन जाता है वह!४

संत-कवि विद्यासागर वर्ण-भेद को कर्मणा मानते तो हैं किंतु जन्मना इस भेद से उनका विरोध भी नहीं है। उनका विरोध तो समाज की उस विकृत सोच के प्रति है जो नीर से क्षीर बनने के स्थान पर सिर्फ क्षीर की तरह फटना जानती है। फलत: नीर-क्षीर विवेक का अभाव पनपता जाता है और वर्ण-संकर या वर्ण-भेद की सीमाएँ अपना मार्ग भूल जाती हैं। वस्तुत: मिट्टी से घुलनशील होकर कंकरों को भी योग्य बनने का मार्ग बताने वाले शिल्पी ने, समकालीन समाज को जाति अथवा वर्ण की वास्तविक परिभाषा के निकट लाने का प्रयास किया है।

आज मनुष्य का जीवन असंयमित हो गया है। वह संयम को बंधन मानता है। फलस्वरूप समाज में भी असंतुलन एवं बिखराव के दर्शन होते हैं। कंकर सदृश मानव, शंकर होकर भी, अपनी पहचान खोता जा रहा है। कंकरों की प्रार्थना पर माटी के ये शब्द दृष्टव्य हैं-

संयम की राह चलो
राही बनता ही तो
हीरा बनना है
स्वयं राही शब्द ही
विलोम-रूप से कह रहा है-
रा.....ही.......ही......रा.......।५

इसी प्रकार समाज में फैलती हिंसा के वीभत्स रूप से भी कवि चिंतित है। दया का अभाव कवि को कष्ट देता है, जबकि वे दया को 'अशरणों की शरण' (पृष्ठ ७१) मानते हैं।

सहधर्मी-सजाति में भी वैर-वैमनस्य के भाव देखे जाते हैं। श्वास-श्वास पर विश्वास का दम घुटता जा रहा है। दयाभाव का नाटक भी खूब चल रहा है। कथनी और करनी में जितना अंतर आज है, पहले कभी नहीं था। धूर्तता की पराकाष्ठा लांघ रहे हैं आज तथाकथित सामाजिक, धार्मिक या राजनतिक नेता। इन सभी सदंर्भो को 'मूकमाटी' में बहुत सहेजकर प्रस्तुत किया गया है। उदाहरण के लिए विश्वास पर मंडराते संकट के बादलों को कवि ने प्रत्यक्षत: इस तरह देखा है-

आज श्वास-श्वास पर
विश्वास का श्वास घुटता-सा
देखा जा रहा है ......प्रत्यक्ष!
और सुनो!
बाहरी लिखावट-सी
भीतरी लिखावट भी
मिल जाए
फिर कहना ही क्या!
'मुँह में राम, बगल में छुरी'
बगुलाई छलती है।६

कवि ने सम-सामयिक समाज में धर्म का झंडा लेकर समाज की अगुवाई करने वालों के छद्म से भी अवगत कराया है। उसका मन्तव्य है कि विश्वासघात के युग में धर्म का झण्डा भी डण्डा बन जाता है। शास्त्र, शस्त्र बन जाता है। फलत: समाज में अलगाव और बिखराव का वातावरण निर्मित होने लगता है। वास्तव में समाज में वैषम्य को प्रश्रय देने वाले कारणों को कवि ने बहुत गंभीरता से देखा-परखा है। उनकी मंगल कामना है कि समाज में साम्य-समता का समुचित विकास हो तथा हिंसा में निरत मानव, दावन प्रकृति के प्रभावों से मुक्त हो-देखें मछली का कथन-

इस शुभ-यात्रा का
एक ही प्रयोजन है,
साम्य-समता ही
मेरा भोजन हो
सदोदिता सदोल्लसा
मेरी भावना हो,
दानव-तन धर
मानव-मन पर





हिंसा का प्रभाव ना हो
दिवि में भू में/भूगर्भो में
जिया धर्म की
दया-धर्म की
प्रभावना हो।७

कवि, समग्र मानव समाज को अपूर्व आस्था से मंडित देखना चाहता है। आस्था का संकट, आज सर्वत्र चिंता का विषय बन चुका है। इसने, मानवता के अस्तित्व को ही खोखला कर दिया है। दान-दया की उदात्त भावनाओं के स्थान पर स्वार्थ की साधना में संलग्न है आज का मानव! अनास्था, अविश्वास, असत्य के बाजार में खरे की पूछ नहीं रही। व्यक्ति-व्यक्ति के बीच दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं, फलस्वरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' का व्यक्तित्व दर्शन भी सुलभ नहीं रहा। अपने युग से कवि ने अनेक प्रश्न किए हैं, जैसे क्या इस समय मानवता पूर्णत: मर चुकी है? क्या यहाँ दानवता उभर आई है? आदि। पुन: 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए वह इसके भाव-बोध को आधुनिक युग के संदर्भ में बिल्कुल नये ढंग से स्पष्ट करता है। इस संदर्भ में निम्नलिखित पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं-

'वसुधैव कुटुम्बकम'
इस व्यक्तित्व का दर्शन
स्वाद-महसूस
इन आँखों को
सुलभ नहीं रहा अब!
यदि वह सुलभ भी है
तो भारत में नहीं,
महाभारत में देखो!
भारत में दर्शन/स्वारथ का होता है।'८

लेकिन कवि इतना ही कहकर चुप नहीं हो जाता, वह, 'हाँ-हाँ! इतना अवश्य परिवर्तन हुआ है कि' कहते हुए आगे स्पष्ट करता है-

'वसुधैव कुटुम्बकम'
इसका आधुनिकीकरण हुआ है
वसु यानी धन-द्रव्य
धन ही कुटुम्ब बन गया है
धन ही मुकुट बन गया है जीवन का।९

यहाँ ध्यातव्य है कि कवि परिग्रह का निषेध तो करता है किंतु गृहस्थ के लिए

परिमित धन-संग्रह से कवि ने इंकार नहीं किया है। 'काया-माया' शीर्षक एक कविता में बात स्पष्ट हो जाती है-

वह गृहस्थ
जिसके पास,
कौड़ी भी नहीं है,
कौड़ी का नहीं है,
वह श्रमण जिसके पास
कौड़ी भी है,
कौड़ी का नहीं है।१०

सामाजिक जीवन में करूणा का भी विशिष्ट स्थान है। परन्तु, दुःखद बात यह है कि यह करूणा-भाव, दिनों दिन घटता जा रहा है। शिल्पी (कुम्हार), मृदु-माटी के करूणामय कण-कण में मात्रानुकूल छना जल मिलाकर उसमें नूतन प्राण फूँकता है। कवि का संकेत है कि समाज में करूणा का भाव अवश्य होना चाहिए। इस करूणा का सम्बन्ध समाज के समृद्धिशाली, प्रतापी, गुण-सम्पन्न व्यक्तियों से होना आवश्यक है ताकि वे समाज के अन्य सामान्य व्यक्तियों से करूणापूर्ण व्यवहार कर सकें। करूणा-अनुकम्पा और जीव-आत्मा के प्रति उत्कट सहानुभूति का अजस्त्र स्त्रोत प्रवाहित होने पर ही मानव जीवन के वैशिष्ट्य से परिपूर्ण समाज की रचना हो सकती है। क्रौंच-वध के बाद उसकी सहचरी के आर्त्तनाद से वाल्मीकि के अंतः में करूणा का स्त्रोत फूटा और रामायण की रचना हुई।११

आचार्य विद्यासागर, मानव-आचरण के पंडित हैं। इसी कारण मानव-जीवन की करूणा उनके काव्य का विषय बन सकी है। प्राच्य को भूलकर पाश्चात्य से जुड़ रही संस्कृति के प्रति उनकी चिंता स्वाभाविक है- इसे वे इन शब्दों में व्यक्त करते हैं-

पश्चिमी सभ्यता
आक्रमण की निषेधिका नहीं है
अपितु!
आक्रमणशीला गरीयसी है
जिसकी आँखों में,
विनाश की लीला विभीषिका
धूरती रहती है सदा-सदोदिता
और
महामना जिस ओर





अभिनिष्क्रमण कर गये
सब कुछ तजकर, वन गये
उसी ओर,
उन्हीं की अनुक्रम-निर्देशिका
भारतीय संस्कृति है
सुख-शांति की प्रवेशिका है।१२

आज, समाज में पद, पैसा और प्रतिष्ठा की होड़ मची है। इसे शिल्पी के पद (पाँव) के माध्यम से, प्रतीक-रूप में व्यक्त करते हुए, कवि ने, पदाभिलाषी बनकर, अनिष्ट से दूर रहने का संदेश दिया है-

पदाभिलाषी बनकर
पर पर पद-पात न करूँ,
उत्पात न करूँ
कभी भी किसी जीवन को
पद-दलित नहीं करूँ हे प्रभो!१३

आज समाज में बैर, वैमनस्य, विग्रह, अलगाव का जो वातावरण दिखलाई पड़ता है उसके पीछे व्यक्ति के आग्रह एवं एकांतिक दृष्टिकोण की बड़ी भूमिका है। 'मूकमाटी' में श्रृंगार-वर्णन के बहाने कवि ने अनेक समस्याओं को उभारा है और फिर समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। अनेकांत-कवि का इष्ट है। श्रृंगार को संबोधित करता हुआ, शिल्पी उसे यह बताता है कि 'मेरा संगी संगीत' है, सप्त-स्वरों से अतीत, तब उसकी अनेकांत दृष्टि भी इन शब्दों में अभिव्यक्ति पा जाती है-

अगर सागर की ओर
दृष्टि जाती है,
गुरू-गारव-सा
कल्प-काल वाला लगता है सागर,
अगर लहर की ओर
दृष्टि जाती है,
अल्प-काल वाला लगता है सागर।
एक ही वस्तु
अनेक भंगों में भंगायित है
अनेक रंगों में रंगायित है, तरंगायित!
मेरा संगी संगीत है-

सप्त-भंगी रीत है।१४

'मूकमाटी' तृतीय खण्ड का आरंभ जल के 'रत्नाकर' नाम की प्रासंगिकता के चित्रण से होता है, पर कवि की लेखनी पुनः युग-सापेक्ष हो जाती है। आज, पर-सम्पदा पर कुदृष्टि या उसे निगल जाने की कुत्सित वृत्ति के दर्शन सहज सुलभ हैं। कवि ने इसे निंद्य-कर्म ही नहीं बुद्धिहीनता अर्थात जड़ता का परिचय कहा है। मोह-मूर्च्छा का अतिरेक है यह-

पर-सम्पदा की ओर दृष्टि जाना
अज्ञान को बताता है/और
पर-सम्पदा हरण कर संग्रह करना
मोह-मूर्च्छा का अतिरेक है।
यह अति निम्न कोटि का कर्म है
स्व-पर को सताना है,
नीच-नरकों में जा जीवन बिताना है।१५

किन्तु, समाज में इस प्रकार के अन्याय के विरूद्ध सूर्य के समान प्रखरता लिए व्यक्ति कभी चुप नहीं बैठ सकते। कवि ने इसका प्रतीकात्मक चित्रण किया है। यदि, सागर ने धरती का वैभव लूटकर स्वयं को वैभवशाली बनाया है तो न्याय-पथ का पथिक सूर्य भी उसे जला-जला कर सुखा कर देने में कहीं पीछे नहीं है। इस प्रसंग में कवि का संकेत यह है कि वह सूरज जो अन्याय के विरूद्ध पूरे ईमान के साथ खड़ा होता है, कभी-भी न्याय-पक्ष से विचलित नहीं होता, झुकता नहीं, समझौते नहीं करता। यह सारा प्रसंग वर्तमान युग के सामाजिक-राजनीतिक सांस्कृतिक-प्रत्येक क्षेत्र में घर कर गई अर्थ-लिप्सा एवं धन-लोलुपता को उजागर करने में बड़ा ही प्रभावी सिद्ध होता है। पंक्तियाँ देखें-

कई बार भानु को घूस देने का
प्रयास किया गया
पर-न्याय-मार्ग से विचलित नहीं हुआ वह
परन्तु
उधर चंद्रमा विचलित हुआ/और
उसने जल-तत्व का पक्ष ले,
लक्ष्य से च्युत हो/भर-पूर घूस ली।
तभी .....तो
चंद सम्पदा का स्वामी भी आज
सुधाकर बन गया चन्द्रमा।१६





अर्थ की बात करते-करते कवि की दृष्टि राजनीति की दल-बहुलता की ओर चली जाती है। पंक्तियाँ देखें-

दल-बहुलता शांति की हननी है ना!
जितने विचार, उतने प्रचार
उतनी चाल-ढाल
हाला घुली जल-ता
क्लान्ति की जननी है ना!
तुच्छ स्वार्थ सिद्धि के लिए
कुछ व्यर्थ प्रसिद्धि के लिए
सब कुछ अनर्थ घट सकता है।१७

अन्यत्र, पर-द्रव्य हड़पने की प्रवृत्त को अनर्थ और पाप की संज्ञा देते हुए कवि ने कहा-

परिश्रम करो/पसीना बहाओ
बाहुबल मिला है तुम्हें
करो पुरूषार्थ सही
पुरूष की पहचान करो सही
परिश्रम के बिना तुम
नवनीत का गोला निगलो भले ही,
कभी पचेगा नहीं वह
प्रत्युत जीवन को खतरा है।१८

विचारवान मनुष्य के लिए संसार की वर्तमान अवस्था गौरव, आश्चर्य और चिंता का स्त्रोत है। गौरव का विषय यह है कि हमारी पीढ़ी ने विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की ऐसी महती सफलताओं का विकास किया है, अणु शक्ति ने ऐसी करवटें ली हैं जो हमें गगन पर शासन करने, नक्षत्रों तक पहुँचने तथा विश्व के छोरों तक प्रचार पाने की सामर्थ्य प्रदान करती हैं। हमारी सभ्यता में विश्व का ऐसा एकीकरण कहीं नहीं पाया जाता। हम आश्चर्य मूढ़ इसलिए हैं कि फिर भी एक विश्व-व्यवस्था स्थापित करने के हमारे प्रयत्न सफल नहीं हुए हैं।

आज, विज्ञान सफलता के शिखर छू रहा है। विश्व की दूरियाँ बहुत सिमट गई हैं। 'अणु' की शक्ति से सारा-संसार अचम्भित है। किंतु, कवि की आस्था 'मनु' की शक्ति है, क्योंकि अंततः मानव ही तारक है/ 'अणु' की मार से नीचे आ गिरे तो 'मनु' की ही उपयोगिता रह जायेगी, जिसे धरती की शरण मिली है-

ऊपर अणु की शक्ति काम कर रही है
तो इधर.....नीचे
मनु की शक्ति विद्यमान!
ऊपर यंत्र है, घुमड़ रहा है
नीचे मंत्र है, गुनगुना रहा है
एक मारक है/एक तारक,
एक विज्ञान है/जिसकी आजीविका तर्कणा है
एक आस्था है
जिसे आजीविका की चिन्ता नहीं।१९

भारतीय परंपरा के अनुसार 'मूकमाटी' के रचयिता में नारी के प्रति अगाध निष्ठा मिलती है। 'मूकमाटी' में अनेक स्थानों पर मातृत्व की वंदना की गई है। माता के प्रति कवि का अमित सम्मानभाव सर्वत्र देखा जा सकता है। कृति का आरंभ ही सरिता माँ के बहाव और 'मूकमाटी' के माँ धरती से जुड़ाव के साथ होता है। माँ विषयक कवि की पंक्तियाँ देखें-

संतान की अवनति में
निग्रह का हाथ उठता है माँ का
और/संतान की उन्नति में
अनुग्रह का माथ उठता है माँ का।२०

**निष्कर्ष-**

इन्हीं सारे संदर्भो ने 'मूकमाटी' को सम-सामयिक जीवन का दर्पण बना दिया है। कवि की संवेदना में व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की चेतना का अंतःस्वर सुनाई देता है। विश्व-मानवता की प्रतिष्ठा, राष्ट्रीय संतुलन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव का जागरण, परस्पर सहयोग, सहअस्तित्व के भावों का उन्नयन आदि 'मूकमाटी' की यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। कवि ने काव्य के मूल उद्देश्य 'मानव के हित' को सर्वोपरि रखा है।

मूकमाटी में सम-सामयिक संदर्भो की उपुर्यक्त विवेचना एवं उनकी प्रासंगिकता के निरूपण के आधार पर समग्र रूप में यह कहा जा सकता है कि आचार्य विद्यासागर ने समय के सच को गहन चिंतन और अध्ययन आलोक में प्रस्तुत किया है। वे एक ऐसे कालजयी कवि हैं जिनकी काया में अमरत्व निहित है और उनका मूकमाटी नामक यह ग्रंथ निःसंदेह भारतीय साहित्य का गौरव है।





**संदर्भ-**


१. गोविंद मिश्र, साहित्य का संदर्भ।
२. मूकमाटी, पृष्ठ १४
३. भारतीय संस्कृति, कुछ विचार : डॉ. राधाकृष्णन, पृष्ठ १७
४. मूकमाटी, पृष्ठ ४७-४८
५. मूकमाटी, पृष्ठ ५६-५७
६. मूकमाटी, पृष्ठ ७३
७. मूकमाटी, पृष्ठ ७७-७८
८. मूकमाटी, पृष्ठ ८२
९. मूकमाटी, वही
१०. शब्द-शब्द विद्या का सागर, खण्ड तोता रोता क्यों, पृष्ठ ३९
११. श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, १/२/१५
१२. मूकमाटी, पृष्ठ १०२-१०३
१३. मूकमाटी, पृष्ठ ११५
१४. मूकमाटी, पृष्ठ १४६
१५. मूकमाटी, पृष्ठ १८९
१६. मूकमाटी, पृष्ठ १९१
१७. मूकमाटी, पृष्ठ १९७
१८. मूकमाटी, पृष्ठ २१२
१९. मूकमाटी, पृष्ठ २४५
२०. मूकमाटी, वही



**डॉ. चन्द्रकुमार जैन**
प्राध्यापक, हिंदी विभाग
शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,
राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़ ) मो. ९३०१०५४३००




























Rs.400/-

ISBN : 978-93-84855-13-0

श्री बालाजी प्रकाशन, नागपुर



# समकालीन समाज जन समस्याएँ

संपादक

डॉ. सुलक्षणा अहलावत



**प्रधान कार्यालय :**
**गीना प्रकाशन**
202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड,
भिवानी–127021 (हरियाणा)
मोबाइल : 9466532152, 8708822674
ई–मेल : ginapk222@gmail.com

*व्यवस्थापक गीना प्रकाशन ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली से पुस्तक प्रकाशित करवाकर मुख्य कार्यालय से वितरित की।*

ISBN : 978-93-89047-24-0
© : लेखक
मूल्य : ₹ *700 /-*
प्रथम संस्करण : सन् 2021
प्रकाशक : सानिया पब्लिकेशन
323, गली नं. 15,
कर्दमपुरी एक्सटेंशन,
दिल्ली–110094
मोबाइल : 8383042929
email : saniapublicationindia@gmail.com
आवरण : एम. सलीम
शब्द–संयोजन : मुस्कान कम्प्यूटर्स, दिल्ली–110094
मुद्रक : विशाल कौशिक प्रिंटर्स
जगतपुरी विस्तार, दिल्ली–110093

Samkaleen Samaj : Jan Samasyay
*Edited by Dr. Sulakshana Ahlawat*

# अनुक्रम


सम्पादकीय 5

1. ओम प्रकाश वाल्मीकि की 'सलाम' कहानी संग्रह में जाति-व्यवस्था एक समस्या 9
अल्पना चौधरी शोधार्थी

2. हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों में संस्कृति और समाज 17
अर्चना लता चौधरी

3. संस्कृति व समाज के उत्थान में साहित्य का योगदान धनबाद के विशेष संदर्भ में 25
अरनब सरखेल

4. सोशल मीडिया और समाज 34
डॉ. श्रीमती बी. नन्दा जागृत

5. भारत मे साझा सरकारों की विशेषतायें एवं लक्षण 40
डॉ. भूपेन्द्र सिंह

6. मुक्तिबोध का 'अँधेरे में' समकालीन समाज और जन समस्याओं की पड़ताल 44
डॉ. चन्द्रकुमार जैन

7. कोरोना समस्या एवं समाधान 50
डॉ. पवन कुमार

8. मानवाधिकार तथा शिक्षा 55
डॉ. राजेश कुमार

9. कोविड-19 और बदलती संवेदनाएँ 60
डॉ. शबाना हबीब

# मुक्तिबोध का 'अँधेरे में' समकालीन समाज और जन समस्याओं की पड़ताल

**डॉ. चन्द्रकुमार जैन**
हिंदी विभाग, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़
chandrakumarjain@gmail.com

एक लोकतांत्रिक समाज का नागरिक होने के नाते हम नागरिक चेतना, सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों और लेखकीय दायित्व के सवालों के समक्ष खुद को पाते हैं। इसमें नागरिक कहाँ खड़ा है? लेखन क्या है? नागरिक चेतना और लेखन के आपसी संबंध क्या हैं? हमारे अपने समकालीन समाज में लोकतन्त्र, लेखन और समाज के क्या रिश्ते हैं? उन्हें कैसा होना चाहिए? वैश्वीकरण के दौर में साहित्य की क्या भूमिका हो सकती है? ऐसे सवालों से दो चार होते हुए जब हम हिन्दी की प्रगतिवादी कविता और नई कविता के मजबूत सेतु के रूप में प्रतिष्ठित मुक्तिबोध पर एकाग्र होते हैं तब सवाल-दर-सवाल और जवाब-दर-जवाब समकालीन समाज के कई अहम पहलू खुद-ब-खुद खुलने लगते हैं, मानों एक कदम रखने पर सौ राहें फूटने लगती हैं। सश्जन और समाज के रिश्ते का चेहरा साफ दिखने लगता है।

गजानन माधव मुक्तिबोध तार सप्तक के पहले कवि थे। मनुष्य की अस्मिता, आत्मसंघर्ष और प्रखर राजनीतिक चेतना से समश्द्ध उनकी कविता पहली बार तार सप्तक के माध्यम से सामने आई। पुरानी और प्रगतिशील कविता के बीच एक सेतु के रुप में चर्चित मुक्तिवोध कहानीकार भी थे और समीक्षक भी। नागपुर में रहकर ही उन्होंने महत्त्वपूर्ण काव्य रचनाओं का सश्जन किया। 'कोशिश कर कुछ ऐसा कहने की जिससे क्षितिज हो सके और अधिक विस्तश्त जिससे हृदय हो सके और अधिक आलोकितपीमेन पाँचे की यह काव्य पंक्तियाँ गजानन माधव मुक्तिबोध के रचानाकर्म पर सटीक बैठती हैं।

हिन्दी कविता के महानतम सर्जकों में से एक गजानन माधव मुक्तिबोध पर सितंबर उन्नीस सौ पैंसठ के नया ज्ञानोदय में कवि श्रीकांत वर्मा का एक लेख छपा



था जिसमें उन्होंने कहा था अँधेरे की शब्दावली में अपने आस-पास पसरे अँधेरे के कई सवालों की शिनाख्त करने वाले मुक्तिबोध की बेकली को बकलम मुक्तिबोध ही समझना अपने समकालीन समाज को समझने की एक ईमानदार कोशिश होगी। लिहाजा, समय आ गया है कि इस बात की ईमानदार पड़ताल की जाए कि मुक्तिबोध की रचनाओं में संघर्ष दिखाई देता है वह उनका अपना संघर्ष मात्र है या फिर पूरे मध्य वर्ग का, समूची मानवता का और हमारे मौजूदा समय और समाज भी संघर्ष है।

प्रसिद्ध कवि आशोक वाजपेयी ठीक कहते हैं कि बड़ा लेखक वह है जिसमें हम हर बार नये अर्थ को ढूढते हैं। जो कुछ मुक्तिबोध के जमाने में अंधेरे में था, आज वही उजाले में है। वो सच आज सबके सामने है जिसको मुक्तिबोध अपने समय में महसूस करके लिख चुके थे। बात साफ है कि मुक्तिबोध के रचना कर्म की परिधि और उसके केंद्र दोनों में हमारे आज के दौर के सवालों की समझ और उनके जवाव हासिल किए जा सकते हैं। मुक्तिबोध को लक्षित-मूल्यांकित करने का क्रम अभी जारी है। छायावादी काव्यधारा में 'निराला' और नयी कविता में मुक्तिवोध का व्यक्तित्व अपवाद की सीमा तक विशिष्ट था, इसमें दो मत नहीं है।

स्मरण रहे कि अंधरे में मुक्तिबोध की प्रसिद्ध कविता है। यह कविता परम अभिव्यक्ति की खोज में जिस तरह की फैंटेसी बुनती है लेकिन अपने मूल में यह कविता ऐसे अंधेरे की पड़ताल करती है जो देश की आजादी के बाद की व्यवस्था का अंधेरा है, इस लोकतंत्र का अंधेरा है। अंधेरे में पूंजी की दुनिया व रक्तपाई वर्ग द्वारा पैदा की गई क्रूर, अमानवीय व शोषण की हाहाकारी स्थितियों से साक्षात्कार करती है। यह हिन्दी कविता में मील का पत्थर है जिसमें अंधेरा मिथ नहीं, ऐसा यथार्थ है जिससे जूझते हुए हिन्दी कविता आगे बढ़ी है। अँधेरे में के कवि की कोशिश लेखन की इस आरंभतः वर्णित मौत की सजा को अंततः परम अभिव्यक्ति अनिवार्य ध आत्म सम्भवा के रूप में पहिचानता है। यहाँ पहुँचकर रचनात्मकता की तलाश निष्पन्न होती है, और फिर शुरू हो जाती है-

**इसीलिए मैं हर गली में**
**और हर सड़क पर**
**झाँक-झाँक कर देखता हूँ हर एक चेहरा।**
**और यों परम अभिव्यक्ति अपने कर्ता से बड़ी हो जाती है,**
**"मैं उसका शिष्य, वह मेरी गुरू है।"[1]**

मुक्तिबोध की कविता जिस अंधेरे से रू ब रू है, वह आज भी सच्चाई बनकर उभरा है। उसका विस्तार ही नहीं हुआ, वह सघन भी हुआ है। यह अकस्मात नहीं है कि कविता के सातवें खंड में रिहाई के बाद कवि ने मठ व गढ़ को तोड़ने की

बात की है। वह इसलिए कि उन्होंने इन मठों व गढ़ों को बनते और इनके अन्दर पनपते खतरनाक भविष्य को देखा। कैसे हैं ये मठ व गढ़ ? आज ये पूंजी, धर्म, वर्ण, जाति के मठ व गढ़ में रूपांतरित हो गये हैं। राजनीति सेवा नहीं, मेवा पाने का माध्यम बन गई है। बड़ी बड़ी बातें की जा रही हैं। प्रगति व विकास के दावे किये जा रहे हैं। कोई गौरवान्वित हो सकता है कि हमारी संसद अरबपतियों से रौशन है। पर हमने ईमानदारी, नैतिकता, आदर्श, भाईचारा सहित जो जीवन मूल्य निर्मित किये थे, उसमें कहाँ तक प्रगति की है ? अब तो इस पर बात करना भी पिछड़ापन है।

"हमारे पुराने महाकाव्य लोक-परम्परा से चल कर अपने बाह्य रूप में विकसित होते थे य 'अँधेरे में', इस दृष्टि से, लोक-संदर्भों से जुड़कर अपने अर्थ में विकसनशील कविता है। 'राम की शक्ति पूजा' ( निराला ), 'प्रलय की छाया' ( प्रसाद ), 'असाध्य वीणा ' (अज्ञेय) के साथ, यदि परम्परागत शब्दावली का प्रयोग किया जाय, तो वह महाकविता है। सम्पूर्ण जातीय विडंबनाओं का परीक्षण वह बड़े गहरे स्तर पर करती है। स्वप्न, फंतासी और अतियथार्थवादी अनुभवों में घुला-मिला चलने वाला उनका कथानक रक्तालोक स्नात पुरुष का साक्षात्कार, कवि को दी गई मौत की सजा, रात का विचित्र जुलूस, मार्शल ला० जैसा वातावरण, तिलक मूर्ति से टपकता खून, विचित्र वेश में गांधी से भेंट, भविष्य शिशु कोई कवि को सौंपा जाना और गांधी द्वारा जान शक्ति का आख्यान, कवि को पकड़कर दी गई यंत्रणा, फिर रिहाई, अभिव्यक्ति खतरों का एहसास और फिर उस परम अभिव्यक्ति की तलाश, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन और परवर्ती जीवन का एक विराट संश्लिष्ट चित्र है, जो कविता में पहली बार, इस रूप में अंकित होता है। टिकक,गांधी और स्वयं कवि जैसे इन तीनों चरणों को मूर्तिमान करते हैं। यथार्थ का तीखा और नंगा चित्र अंकित करते कवि कहीं स्वाभाविक रूप से डरता है, पर उस भय का अतिक्रमण कर जाता है-

**हाय, हाय ! मैंने उन्हें देख लिया नंगा,**
**इसकी मुझे और सजा मिलेगी।**

इस विचित्र और भयावह शोभा-यात्रा का वर्णन कवि बड़े तात्विक रूप में करता है-

**" गहन मृतात्माएँ इसी नगर की**
**हर रात जुलूस में चलतीं**
**परंतु, एक दिन में**
**बैठतीं हैं मिल कर करती हुई षड्यंत्र**
**विभिन्न दफ्तरों- कार्यालयों, केन्द्रों में, घरों में।**
**"इस पकड़ से कोई नहीं बचता**



**जैसा कहा गया, यहाँ सम्पूर्ण जातीय**
**राष्ट्रीय जीवन का विश्लेषण है।**
**और निष्कर्ष ?**
**अब तक क्या किया,**
**जीवन क्या जिया,**
**जूयादा लिया और दिया बहुत-बहुत कम**
**मर गया देश, अरे, जीवित रह गए तुम।"[2]**

कहना न होगा कि ऐसे अनेक सवाल हैं जिनके रू ब रू हमारा मौजूदा वक्त भी है। आज भी यथार्थ की नजर तो दूर, उसकी समझ भी जैसे गुनाह है, हमारे रहनुमाओं की निगाहों में। आज भी वह ड्यंत्र जारी है, इससे भला कौन इंकार कर सकता है ? ज्यादा लेने और बहुत-बहुत कम देने की क्या कहें, सिर्फ लेने और कुछ भी न देने की मिसालें आम बातें हैं,जिनका सही चेहरा दिखाने में मुक्तिबोध का रचना-संसार, विशेषतः उन की कविता 'अँधेरे में' पूरी तरह समर्थ है।

इस सन्दर्भ में वह सचमुच आत्म-सम्भवा है।

"अँधेरे में कविता की अर्थवत्ता उसके स्वप्न चित्रमय वातावरण में है जो अपनी नाटकीय संरचना के द्वारा सीधे-सादे वाक्यों को भी काव्यात्मक गूँज से अनुरंजित कर देता है। चेखव की प्रसिद्द कहानी ' वाद नं. 6 ' को पढ़ने के बाद, कहते हैं, लेनिन ने क्रान्ति से पहले कहा था की ' सारा रूस वार्ड नं.6 है। ' अँधेरे में कविता को पढ़कर भी कोई यह महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि यह आज का भारत है। स्वप्न चित्र जैसी एक अयथार्थ कला के द्वारा काव्यात्मक पुनः सृष्टि करके मुक्तिबोध ने एक विरोधाभास का ही चमत्कार पैदा नहीं किया, बल्कि आधुनिक हिन्दी कविता में एक कालजयी कृति की रचना की है।" 3

दरअसल,'अंधेरे में' कविता में मुक्तिबोध कहते हैं 'पूंजी से जुड़ा ह्रदय बदल नहीं सकता'। गांधी जी पूंजीपतियों को देश का ट्रस्टी मानते थे। उनका दर्शन 'ह्रदय परिवर्तन' पर आधारित था। "दुनिया की हर भाषा की जिंदगी में एक बार कोई निहायत ही निष्करुण वक्त दबे पाँव आता है और 'उसको बोलने वालों' के हलक में हाथ डालकर उनकी जुबान पर रचे-बसे शब्दों को दबोचता है और धीरे-धीरे उनके कोमल गर्भ में साँस ले रहे अर्थो का गला घोंट देता है। एक तरफ वह 'पवित्र को ध्वंस' में धकेलता है तो दूसरी तरफ वह 'अतीत में आग' लगाता हुआ, चौतरफा भय और निराशा फैला देता है। ऐसे ही वक्त के खिलाफ अंततः मंगल पांडे की बंदूक से गोली निकलती है और 1857 का गदर (?) मच जाता है। कृआज हम फिर 1857 के ही निकट पहुँच गए हैं। वे तब ये कहते हुए आए थे : 'हम, तुम असभ्यों को राभ्य बनाने के लिए तुम्हारे देश में घुस रहे हैं।' मगर इस बार वे कह रहे हैं : 'हम,

तुम कंगलों को संपन्न बनाने के लिए तुम्हारे यहाँ आ रहे हैं।'सुनो, हम जिस 'पूँजी का प्रवाह' शुरू कर रहे हैं, वह तुम्हारे यहाँ समृद्धि लाएगी। लेकिन, हकीकत में यह देश को समृद्ध नहीं बल्कि, एक किस्म के 'सांस्कृतिक-अनाथालय' में बदलने की युक्ति है। वे धीरे-धीरे आपसे आपकी बोलियाँ और भाषा छीन रहे हैं।"[4]

समाज और साहित्य का सम्बन्ध बहुत कुछ वही है जो धरती से फूल का है। फूल धरती होता है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके डाल, पात, पंखुड़ी, वर्ण, गंध आदि मिट्टी हैं कि उससे मिट्टी की-सी सोंधी गंध आती हो और रंग भी मटमैला होता है। धरती का रूप-रस फूल में नया गंध उत्पन्न करता है। इसी तरह समझना होगा कि साहित्य में भी समाज ज्यों का त्यों नहीं झलकता, बल्कि, रूपांतरित रूप में अंतरनिहित रहता है। गौरतलब है कि " श्रेष्ठ साहित्य मन का लड्डू नहीं है कि जब चाहा बना लिया। श्रेष्ठ तो श्रेष्ठ, साहित्य मात्र किसी की स्वेच्छा पर निर्भर नहीं है। यह लेखक की ऐतिहासिक सीमा है। मन के लड्डू खाने की अपेक्षा अपनी ऐतिहासिक सीमा को समझने और समझकर बदलने की कोशिश करने में कहीं अधिक स्वाद है।"[5]

मुक्तिबोध ने अपनी मार्क्सवादी अंतर्दृष्टि से भारतीय समाज व्यवस्था के चरित्र को फैंटेसी के माध्यम से सही-सही अंकित किया था। इसी तरह भारतीय पूंजीवादी-सामंती शोषण व्यवस्था को उन्होंने अपनी कविता 'एक स्वप्न कथा' के बिम्ब से चित्रित किया है, वहाँ उसके साम्राज्यवादी सहयोग को भी कलात्मक तरीके से उजागर किया-

**हो न हो**
**इस काले सागर का**
**सुदूर-स्थित पश्चिम किनारे से**
**जरूर कुछ नाता है**
**इसीलिए, हमारे पास सुख नहीं आता है।**

मुक्तिबोध की कविता अँधेरे में आज की जन सामंजस्य का भी मुकम्मल बयान है।

साहित्य का अपने शाश्वत मूल्यों के कारण भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाओं को लांघ जाना एक सामान्य बात है, इस पर भी हर बड़ा रचनाकार कुल मिला कर समाज विशेष की ही देन होता है और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता अभिव्यक्ति पाती है। इसलिए जाहिर है कि जिस साहित्य का अपने समाज और जन-मन से जितना आदान-प्रदान (इंटरेक्शन) हो रहा होगा वह साहित्य उतना ही जीवंत, संवेदनशील और प्रभावशाली होगा।



## सन्दर्भ

1. रामस्वरूप चतुर्वेदी, नयी कविताएँ य एक साक्ष्य, पृष्ठ 91, लोकभारती प्रकाशन 1998
2. वहीं, पृष्ठ 91-92
3. नामवर सिंह, कविता के नए प्रतिमान, पृष्ठ 150-51
4. प्रभु जोशी, हिन्दी मीडिया, 6 जनवरी 2015
5. नामवर सिंह, इतिहास और आलोचना, पृष्ठ 44



## डॉ. सुलक्षणा अहलावत

जन्म तिथि : 18 नवंबर
पिता का नाम : श्री राम मेहर अहलावत
माता का नाम : श्रीमती फूलवती देवी
पैतृक गाँव : बहलम्बा (जिला रोहतक राज्य हरियाणा)
साहित्यिक गुरु : श्री रणबीर सिंह बड़वासनी (सुप्रसिद्ध हरियाणवी रागनी गायक)
शिक्षा : बीएड, एम ए (शिक्षा), एम ए (अंग्रेजी), एमफिल (अंग्रेजी), पीएचडी (अंग्रेजी)
व्यवसाय : अंग्रेजी प्रवक्ता, शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार (कार्यरत)

सत्र 2004–05, 2005–06 में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर जनता विद्या मंदिर गणपत राय रासिवासिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखी दादरी में कार्य किया।

जनवरी 2006 से जुलाई 2013 तक शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में अतिथि प्रवक्ता (अंग्रेजी) के पद पर कार्य किया।

जुलाई 2013 से अंग्रेजी प्रवक्ता के स्थायी पद पर शिक्षा विभाग हरियाणा में कार्यरत हूँ।

कुल 15 शोध पत्र विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।
सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धि
1. कलम के माध्यम से महिलाओं के मुद्दों को उठाना
2. समय समय पर पौधारोपण करना
3. भ्रूण हत्या के विरुद्ध लोगों को जागरूक करना
4. बेटियों की शिक्षा के लिए प्रयास करना
5. 4 बार रक्तदान किया

अब तक कुल 54 क्षेत्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं।
email dr.sulaxna@gmail.com

**प्रधान कार्यालय :**

गीना प्रकाशन
202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी–127021 (हरियाणा)
मो. 9466532152, 8708822674, Email : ginapk222@gmail.com

ISBN
बुक चैप्टर
डा भवानी
चैप्टर

# शब्द सृजन

सम्पादक
सत्यम सिंह बघेल

श्री नर्मदा प्रकाशन

**शब्द सृजन** (काव्य संकलन)
*ISBN - 978-93-5407-374-8*

*श्री नर्मदा प्रकाशन*
प्लॉट नं. 11 त्रिवेणी नगर, लखनऊ (उ.प्र.)
चलभाष - 6391393776
© लेखकाधीन
संस्करण - प्रथम (2020)
मूल्य - रु. 250.00 मात्र
आवरण - गूगल से साभार

---

संकलन में प्रकाशित रचनाओं का एकाधिकार सम्बन्धित रचनाकारों के पास सुरक्षित है, रचनाओं से सम्बन्धित किसी भी तरह के विवाद हेतु प्रकाशन की कोई जवाबदारी नहीं है।

# अनुक्रमणिका


गौतम जैन 9
मनोज 'मनु' 13
शालिनी मिश्रा तिवारी 17
डॉ. सीमा अग्रवाल 21
प्रवेश कुमार सिन्हा 25
ज्योत्स्ना झा 29
डॉ. भारती वर्मा बौड़ाई 33
आनंद प्रकाश शर्मा 37
डॉ. छगन लाल गर्ग 'विज्ञ' 41
सुशील खरे 'वैभव' 45
डॉ. मीना कुमारी 'परिहार' 49
नूतन सिन्हा 53
हनीफ सिंधी 57
भगत सिंह राणा 'हिमाद' 61
विनोद कुमार 'विनय' 65
लाल बच्चन पासवान 69
राम बहादुर राय 'अकेला' 73
रवीन्द्र मारोठी 'रवि' 77
डॉ. रमेश चंद शर्मा 81
अरशद मिर्जा 85
अलाउद्दीन अंसारी 89
प्रीति 'अध्यापिका' 93

# बेटी है वो

रौनक है घर संसार की
खुशियाँ लेकर आती
बहार बनकर छा जाती है
बेटी कलम बेटी तरकश
ईश्वर की अनमोल कृति भी
नव जीवन की कोमल कोपल
पल्लवित होती उसके अन्दर
कुछ सकुचाई-सी कुछ अलसाई-सी
प्रतिपल भरती
जीवन में नवरंग
प्रेम में पनपती
प्रेम की प्रतिमूर्ति
रिश्तों को बाँधे रखती सदा
भोर की प्रथम रश्मि है
शाम की दीया-बाती भी
आँगन की तुलसी वह
देहरी की रंगोली भी
वह ममत्व की शीतल छाँव
दो परिवारों की शान है
बेटी ही स्वाभिमान है
देश की अभिमान है
जीवन की झुलसती तप में
ठण्डी पुरवाई-सी
बेटी माता बेटी बहना
प्रेम की परिभाषा भी
पुरुषों की शक्ति है बेटी
सृष्टि की आधारशिला भी
भवसागर से पार लगा दे
बेटी वह नाव भी
जिस घर में बेटी नहीं वीरान घर-सा
बेटी के बिना जीवन बिखरा रेगिस्तान है
सच में बेटी आन बान और शान है।

डॉ. भवानी प्रधान

# कविता

कहाँ से आती है कविता
पर्वत के शिखर से
सागर की गहराई से
थाली में भरा पानी के मध्य
डाले गए कंकड़ की
लहरों के विपरीत या कहें
चक्रवात के अनुकूल
आती है कविता
दशों दिशाओं से
साकार से निराकार से
सुख से दुःख से
आगम से निगम से
आशा से निराशा से
जनता से नेता से
आ ही जाती है कविता
ऊपर-नीचे दाएँ-बाएँ
चहुँ ओर से
अँधेरे से उजाले से
दलदल से समतल से
नदी से निर्झर से
आती ही रहती है कविता
कभी सज-सँवर के
कभी उजाड़कर ले आती है
कभी मदमाती शर्माती है
कभी दहकती अंगार-सी
झुलसाती जलाती है
प्रेम भी पीड़ा भी देती है
हाँ, आ ही जाती है
आती ही है कविता।

# छत्तीस रागिनियाँ

डॉ. विभाषा मिश्र

साहित्य सहकार प्रकाशन

दिल्ली-110032

ISBN : 978-93-81412-45-9

© : डॉ. विभाषा मिश्र

**मूल्य : 350 रुपये**

**प्रथम संस्करण :** 2020

**प्रकाशक :**
साहित्य सहकार प्रकाशन
29/62, लेन नं. 11, विश्वास नगर,
दिल्ली–110032
मो. : 9873072324

**मुद्रक :** विकास कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद

---

